Sixteenth Loksabha

an>

Title: The Minister of State (Independent Charge) laid a statement correcting the reply to Starred Question No. 316 given on 8th August, 2018 asked by Shri Ram sinh Rathwa, MP regarding shortage of Mobile Towers.

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मनोज सिन्हा) :अध्यक्ष महोदया, मैं आपकी अनुमति से मोबाइल टावरों की कमी के बारे में पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 316 के दिनांक 8 अगस्त, 2018 को दिए गए उत्तर में शुद्धि करने वाला वक्तव्य (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

विवरण

'मोबाइल टॉवरों की कमी' के बारे में लोक सभा के दिनांक 08 अगस्त, 2018 के तारांकित प्रश्न संख्या 316 के भाग (क) और (ख) के संबंध में दिए गए उत्तर को संशोधित करने के लिए लोक सभा के पटल पर संचार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा रखा जाने वाला विवरण।

निवेदन है कि ' **मोबाइल टॉवरों की कमी** ' के बारे में लोक सभा के दिनांक 08 अगस्त, 2018 के तारांकित प्रश्न संख्या 316 के भाग (क) और (ख) के संबंध में दिए गए उत्तर को निम्नानुसार संशोधित किया जाए:

भाग	निम्नलिखित के स्थान पर	यह पढ़ा जाए
(क) और (ख)	(पहले दिया गया उत्तर)	(संशोधित उत्तर)
(क) क्या देश में सेल्यूलर फोन सेवाओं हेतु टॉवरों की अत्यधिक कमी है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; (ख) इस स्थिति के लिये उत्तरदायी एजेंसियों का ब्यौरा क्या है;	(क और ख) **(ii)** 10 राज्यों नामत: आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिसा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल संचार सेवा स्कीम शुरू की गई है। स्कीम के चरण-। का कार्यान्वयन मैसर्स	(क और ख) **(ii)** 10 राज्यों नामत: आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिसा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल संचार सेवा स्कीम शुरू की गई है। स्कीम के चरण-। का कार्यान्वयन मैसर्स

	बीएसएनएल द्वारा किया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा अभिचिन्हित 2555 मोबाइल टावर स्थलों में से 2335 मोबाइल टावरों ने कार्य करना शुरू कर दिया है।	बीएसएनएल द्वारा किया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा अभिचिन्हित 2355 मोबाइल टावर स्थलों में से 2335 मोबाइल टावरों ने कार्य करना शुरू कर दिया है।

असुविधा के लिए खेद है।

[Placed in Library, See No. LT 9781/16/18]